आरबीई सं. 91/2022

**भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA**
**रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS**
**(रेलवे बोर्ड/RAILWAY BOARD)**

**सं. ई(एनजी)I/2018/पीएम1/4** **नई दिल्ली, दिनांक 03.08.2022**

**महाप्रबंधक (कार्मिक)**
**सभी क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां**
(मानक डाक सूची के अनुसार)

**विषय: पूर्व ग्रुप 'डी' से ग्रुप 'सी' और ग्रुप 'सी' में ही उपयुक्तता परीक्षा, पीक्यू, एलडीसीई, जीडीसीई आदि के माध्यम से पदोन्नति के लिए चयन - वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न-पत्रों के लिए उत्तर कुंजिका प्रकाशित करने के संबंध में स्पष्टीकरण।**

*****

उक्त विषय पर आपका ध्यान बोर्ड के दिनांक 19.05.2022 के समसंख्यक पत्र (आरबीई सं.59/2022) की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसके तहत वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के आधार पर विभागीय चयनों में प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्न गलत होने पर मूल्यांकन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के लिए स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं।

कुछ रेलों द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों पर बोर्ड ने इस मामले की समीक्षा की है और यह विनिश्चय किया गया है कि उक्त पत्र में अंतर्विष्ट अनुदेशों को जारी रखा जाए। जैसा कि एक क्षेत्रीय रेलवे द्वारा सुझाव दिया गया है, पारदर्शिता और यथार्थता लाने के लिए एक आपत्ति ट्रैकर प्रणाली शुरू करने के सबंध में यह सूचित किया जाता है कि रेलें स्वयं की प्रणाली तैयार कर सकती है जैसा कि कुछ रेलों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। इस संबंध में दक्षिण रेलवे द्वारा अपनाई गई प्रणाली तत्काल संदर्भ हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।

इससे इस मुद्दे पर उत्तर मध्य रेलवे के दिनांक 06.06.2022 के पत्र सं. 797-ई/एनसीआर/पॉलिसी/सलेक्शन/2022 और दक्षिण मध्य रेलवे के दिनांक 14.06.2022 के पत्र सं. पी(आर)605/XV का निपटारा हो जाता है।

कृपया पत्र की पावती दें।

संलग्नक: यथोक्त

(संजय कुमार)
**उप निदेशक स्थापना (एन)**
**रेलवे बोर्ड**
**ई-मेल: sanjay.kumar6@gov.in**
**फोन नं. 43658/01123303658**

https://www.govtstaff.com

सं. ई(एनजी)I/2018/पीएम1/4 नई दिल्ली, दिनांक 03.08.2022

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. जनरल सेक्रेटरी, एआईआरएफ, कमरा नं. 253, रेल भवन, नई दिल्ली (35 अतिरिक्त प्रतियों सहित)।
2. जनरल सेक्रेटरी, एनएफआईआर, कमरा नं. 256-ई, रेल भवन, नई दिल्ली (35 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
3. राष्ट्रीय परिषद, विभागीय परिषद के सभी सदस्य तथा सचिव, कर्मचारी पक्ष, 13-सी, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली (60 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
4. सेक्रेटरी जनरल, फ्रोआ, कमरा सं.256-ए, रेल भवन, नई दिल्ली (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
5. सेक्रेटरी जनरल, आईआरपीओएफ, कमरा सं.268, रेल भवन, नई दिल्ली (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
6. सचिव, आरबीएसएस, ग्रुप 'ए' ऑफिसर्स एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, आरबीएसएस, ग्रुप 'बी' ऑफिसर्स एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, रेलवे बोर्ड मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
9. सचिव, रेलवे बोर्ड ग्रुप 'डी' इम्प्लाइज़ एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
10. सचिव, रेलवे बोर्ड प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन, कमरा सं.341-सी, रेल भवन, नई दिल्ली।
11. जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया एससी एंड एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।

नवीन कुमार

कृते सचिव, रेलवे बोर्ड

https://www.govtstaff.com